
# मार्टिन गार्डनर की तीन पहेलियाँ

## पहेलियों के उत्तर

पिछले अंक में हमने तीन पहेलियों के हल आपसे पूछे थे। यहाँ पहेलियों के जवाब दिए जा रहे हैं।

1. जब किसी व्यक्ति के दोनों टखने रस्सी से जुड़े हों - और पतलून पलटानी हो - तो सबसे पहले पतलून को रस्सी पर सरकाना होगा। फिर पतलून की एक टाँग को दूसरी में से धकेल कर रस्सी पर खींच लें। ऐसा करने से पतलून का बाहरी हिस्सा बाहर की ओर रहेगा परन्तु दोनों टाँगें आपस में पलट जाएँगी और पतलून का कमर वाला हिस्सा पैरों से दूर चला जाएगा। अब कमर वाले हिस्से में हाथ डालकर पतलून की दोनों टाँगों को अन्दर-बाहर पलटा दें। आपकी पतलून अब रस्सी पर पलट गई है, अब इसे वापस पहना जा सकता है। पहनने पर पतलून का आगे वाला हिस्सा (पुरुषों के लिए पतलून की ज़िप) आगे की ओर ही होगा, परन्तु दोनों टाँगें पलट गई हैं और अन्दर का हिस्सा बाहर आ गया है।
2. चित्र में दिखाए अनुसार, महज़ एक ही लकीर खींचने से यह आकृति एक जैसे दो समान भागों में बँट गई है।



3. माचिस की तीलियों को चित्र में दिखाए गए तरीके से जमाकर पहेली का हल निकाला जा सकता है। इस तरीके में आड़ी तीली को थोड़ा सरकाकर और एक खड़ी तीली की जगह को बदलकर यह हल निकाला गया है।

